# डेंगू के फिर मिले 5 पॉजिटिव मरीज मलेरिया के भी हर दिन मिल रहे मरीज

## डेंगू-मलेरिया ने स्वास्थ्य विभाग को चिंता में डाला



जगदलपुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर में डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेंगू के पांच मरीज फिर मिले है। इनमें से तीन मरीज हॉस्पिटल में भर्ती हैं। वहीं दो घर पर ही उपचार करा रहे हैं। सितलावंड, सोनपुर, प्रवीर वार्ड, रेलवे कॉलोनी और कुम्हारपारा इलाके में डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जहां डेंगू पॉजिटिव मिले हैं वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। पूरे इलाके में दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। इसी प्रकार मलेरिया के मरीज भी लगातार मिल रहें है। डेंगू और मलेरिया ने स्वास्थ्य विभाग के नाक में दम कर रखा है।

बस्तर जिले में इस बारिश शुरू होनें के साथ ही डेंगू के मरीज पिछले एक महीने से लगातार मिल रहें है। बुधवार को 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें 3 जगदलपुर शहर और 2 ग्रामीण इलाकों के केस है। इनमे 3 डेंगू पॉजिटिव अस्पताल में भर्ती है। दो घर में इलाज करा रहें हैं। डेंगू के मरीजों की जांच और सर्वे के लिए नगर के 48 वार्ड के लिए स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम बनाई है। सर्वे टीम जिन जगहों पर डेंगू के लार्वा मिल रहें है उन्हें नष्ट कर रहें है। दरअसल, बारिश के मौसम में डेंगू के साथ मलेरिया के मरीज अधिक मिलते हैं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य और नगर निगम की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर रही है।

### 32 टीमें कर रही सर्वे

स्वास्थ्य विभाग ने नगर के 48 वार्ड के लिए 32 टीम बनाई है। जिसमें एएनएम, मितानिन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य शामिल हैं। जून माह में 6500 घरों का अब तक सर्वे किया गया। जिसमें 49 घरों में लार्वा पाया गया, जिसे तत्काल नष्ट किया गया। इसी प्रकार कुल 12437 कन्टेनर का जांच किया गया। जिसमें 89 कन्टेनर में लार्वा पाया गया और उसे भी नष्ट किया गया।

### दो महीने में 500 से अधिक मलेरिया पॉजिटिव मिले

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार डेंगू को देखते हुए संदेहास्पद सभी मरीजों का रक्त नमूना लेकर एनाईजा परीक्षण किया जा रहा है। पिछले जून और जुलाई के 25 दिनों में की गई रक्त परीक्षण में 500 से अधिक पॉजिटिव मिले है।

### ऐसे बचें

अपने घर के आस-पास गमला, टायर, कूलर, टूटे-फूटे बर्तन, फ्रीज ट्रे, नारियल के खोल की नियमित तौर पर कम से कम 7 दिनों में नियमित सफाई करें। पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। हाथ-पैर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहने। अपने आस-पास सफाई रखें। बुखार या डेंगू के लक्षण आने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू की जांच और इलाज सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।

# किराना दुकान से 44 बोरा पीडीएस चावल बरामद कर किया जब्त



## पीडीएस चावल की कालाबाजारी करने वालों पर खाद्य विभाग की पैनी नजर

जगदलपुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। जिले में सरकारी राशन की कालाबाजारी करने पर खाद्य विभाग की पैनी नजर है। गुरुवार की दोपहर को केशलुर में छापामार कार्रवाई करते हुए एक दुकान से पीडीएस की 44 बोरी चावल खाद्य विभाग ने जब्त किया है। दरअसल, गरीब परिवारों को सस्ता अनाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार की अंत्योदय योजना पर अब कई चावल माफिया की नजर है। पीडीएस चावल की कालाबाजारी को लेकर खाद्य विभाग लगातार कार्रवाई करते हुए चावल माफियाओ पर शिकंजा कसा है।

केशलुर में संचालित अभिषेक ट्रेडर्स में पीडीएस चावल होनें की सुचना पर फ़ूड कंट्रोलर घनश्याम राठौर अपनी टीम के साथ पहुंच कर छापामार कार्रवाई की गई। दुकान में जांच के दौरान पीडीएस की 44 बोरी चावल मिलने पर उसे जब्त कर किराना संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में पीडीएस के तहत वितरण होने वाले चावल व अन्य खाद्य सामग्री को राशन कार्डधारियों द्वारा किराना स्टोर्स के व्यापारियों को बेचने की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर खाद्य विभाग के द्वारा केशलुर में दबिश देकर जांच की गई। जांच के दौरान पीडीएस चावल मिलने पर दो दुकानदार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी दिव्या रानी कार्यात, पायल वर्मा, रवि कोमरा और नागरिक आपूर्ति निगम के सतीश केवर्त शामिल रहें।

### ऐसे होता है गरीबों के चावल का कारोबार

लोगों की मानें तो राइस मिलर पीडीएस चावल को 23-25 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद रहे हैं । पीडीएस का चावल मोटा होता है, इसलिए उसे राइस मिलों में मशीन से छिलाई कर पतला करते हैं। पालिश कर चमक लाई जाती है। यही चावल बाजार में वापस आता है और 55-60 रुपए किलो में बिकता है। जिला खाद्य विभाग कार्डधारियों की संख्या के हिसाब से सोसायटियों को चावल का आबंटन हर महीने देता है। बीपीएल के एक परिवार को मुफ्त 35 किलो चावल और एपीएल को 10 रुपये प्रति किलो चावल के हिसाब से खाद्य विभाग आबंटन भेज देता है।

# मुख्यमंत्री को भेंट किया गया छप्पन भोग प्रसाद




जगदलपुर, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। शहर के ओंकार पांडे व दीप्ति पांडे ने गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजधानी स्थित उनके निवास में जाकर भगवान जगन्नाथ को लगाए 56 भोग प्रसाद दिया। विदित हो की इस वर्ष गोंचा महापर्व के दौरान दीप्ति पांडे परिवार द्वारा सिरहासार भवन में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को छप्पन किया अर्पण किया गया था, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने छप्पन किया का प्रसाद ग्रहण किया। दीप्ति पांडे ने बताया पिछले 25 वर्षों से लगातार उनके परिवार द्वारा भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जा रहा है। आगे भी इस परंपरा का निर्वहन किया जाएगा।

# तारलागुड़ा मार्ग में रामपुरम के पास बाढ़ का पानी सड़क पर



भोपालपटनम 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। पिछले एक. सप्ताह से जारी बारिश रूकने का नाम नहीं. ले रही है जिसके चलते जिले के भोपाल पटनम क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है तारलागुडा .मार्ग पिछले पांच दिनों से बंद है यही सिथति तिमेड सोमनपलली मार्ग भी भारी बारिश के चलते बंद है। मार्ग बंद होने से वाहन चालकों सहित आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सैकड़ों वाहन मार्ग के दोनों ओर खडे है। बताया जा रहा है कि इंद्रावती नदी और गोदावरी नदी का जलस्तर लगातार बढ रहा है। आसपास के नदी नाले भी उफान पर है। रोजमर्रा के कामकाज वाले ग्रामीण गांव से जिला मुख्यालय नहीं आ पा रहे है। शुक्रवार को भी अनवरत बारिश हो रही है राशन कार्ड नवीनीकरण .फसल बीमा आदि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

# कारगिल युद्ध दुनिया के सबसे मुश्किल हालात में लड़ा गया युद्ध - विंग कमांडर पात्रो




## पीओके हमारे देश का अभिन्न हिस्सा, उसे प्राप्त करने के हर संभव प्रयास होने चाहिए - कुलपति

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ मनाई गई

जगदलपुर, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। समूचा कश्मीर हमारा है पीओके भी भारत का ही हिस्सा है। उसे प्राप्त करने के हर संभव प्रयास होने चाहिए। चाहे राजनीतिक हो या कूटनीतिक हर स्तर के प्रयास हों। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर पीआके की मांग उठाई जाए। भारत माता के मस्तक को कोई काट नहीं सकता। भारत की अखंडता और संप्रभूता के लिए समूचा कश्मीर भारत का हिस्सा होना चाहिए। कश्मीर के लिए लडने् वाले सैकड़ों शहीदों का बलिदान यूं ही जाया नहीं जा सकता। समूचे कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाने का सपना अधूरा है। उसे पूरा करना होगा। यह बातें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर के साथ जो कुछ भी हुआ वह भूलाया नहीं जा सकता। हमारे जवानों ने जिस तरह से विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए कारगिल को जीता वह हम सब के लिए प्रेरणादायी है। आज उनके बलिदान को नमन करने का दिन है। आज उनके साहस को याद करने का दिन है। सभी युवाओं को शहीद जवानों के जीवन के बारे में जानना चाहिए। कुलपति प्रोफेसर डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि कारगिल युद्ध करके पाकिस्तान ने लाहौर समझौते को तोड़ा। पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध स्थापति करने के लिए हमने हमेशा प्रयास किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। अंत में कारगिल युद्ध हुआ और उसे मुंह की खानी पड़ी। हमारे जवानों ने अपने पराक्रम से कारगिल युद्ध जीत लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंग कमांडर और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जेपी पात्रो ने कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को कारगिल युद्ध से अवगत करवाते हुए बताया कि वे भी युद्ध के दौरान जम्मू के अवंतीपुर में पदस्थ थे। उन्होंने छात्रों को बताया कि कारगिल युद्ध दुनिया के सबसे मुश्किल हालात में लड़ा गया युद्ध है। ऐसा इसलिए क्योंकि युद्ध 23 हजार फीट की ऊंचाई पर हो रहा था। सर्द हवाओं और बर्फ से ढकी पहाडियों के बीच हमारे जवानों ने अपने पराक्रम का परिचय दिया और युद्ध में जीत हासिल की। युद्ध के दौरान सैकड़ों जवान शहीद हुए। हर साल हम उनकी शहादत को आज के दिन याद करते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक युद्ध होता है तो उसमें समूचे देश की भागीदारी होती है। कारगिल युद्ध के दौरान भी ऐसा ही हुआ। हमारे जवान अगर मुश्किल हालात में लड़ रहे थे तो उनकी प्रेरणा समूचा देश और उसके रहवासी थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधीक्षक भानुप्रसाद द्विवेदी थे। उन्होंने युद्ध से जुड़ी बातें बताते हुए छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत की यह भूमि शेर पैदा करती है और उन्हीं शेरों ने कारगिल में विजय पताका लहराया था। उन्होंने कहा कि हमें इस देश के लिए शेर बनना है और हर मोर्चे पर भारत माता के मस्तक को ऊंचा बनाए रखना है। कार्यक्रम में मौजूद विश्वविद्यालय के कुलसाचिव अभिषेक बाजपेयी ने अपने संबोधन में कारगिल युद्ध के शहीद और परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा की कही बातों का जिक्र किया और बताया कि किस तरह से उन्होंने युद्ध शुरू होने से पहले अपनी मां से कह दिया था कि या तो तिरंगा लहराकर आऊंगा या तिरंगे में लिपटकर। श्री बाजपेयी ने कहा कि सेना के जवान में किस तरह का जज्बा होता है यह कैप्टन विक्रम बत्रा की बातों से जाना जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में कुलपति और कुलसचिव ने अतिथियों का शॉल भेंटकर सम्मान किया। वहीं विंग कमांडर जेपी पात्रो ने कुलपति प्रो. श्रीवास्तव को तेजस विमान का मॉडल भेंट किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विनोद कुमार सोनी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलेश जोशी ने किया। इस दौरान सैनिक कल्याण बोर्ड से सूबेदार अरविंद कुमार, हवलदार तोप सिंह, विवि से डॉ. दुर्गेश डिक्सेना और डॉ. भुवनेश्वर लाल साहू मौजूद रहे।

# अग्निवीर थल सेना भर्ती कौशल शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व तैयारी, 31 जुलाई तक पंजीयन

जगदलपुर, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। भारतीय सैन्य अग्निवीर थल सेना भर्ती 2024 का कम्प्यूटर जनित परिणाम सेना भर्ती कार्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। कम्प्यूटर जनित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का शारीरिक दक्षता परीक्षा माह दिसम्बर 2024 के प्रथम सप्ताह में जिला-रायगढ़ में संभावित है। बस्तर जिले के उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक दक्षता परीक्षा पूर्व तैयारी करना चाहते हैं, वे 31 जुलाई 2024 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल जगदलपुर में अथवा कार्यालयीन ईमेल आईडी या आवेदक स्वंय उपस्थित होकर नाम दर्ज करा सकते हैं। कौशल शारीरिक दक्षता परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु सेना भर्ती बेवसाईट पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# शिक्षा सप्ताह के 5 वें दिन स्कूलों में हुआ कौशल और डिजिटल पहल पर आधारित कार्यक्रम



जगदलपुर, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। नई शिक्षा नीति 2020 केवल शिक्षा पर जोर नहीं देती यह विद्यार्थियों के समग्र विकास पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथनानुसार भारत का युवा केवल नौकरी के पीछे ना दौड़े बल्कि नौकरी देने वाला बने यह नई शिक्षा नीति 2020 चरित्रार्थ करता है। इसे ध्यान देकर नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत शैक्षणिक सप्ताह के तहत शुक्रवार को पांचवे दिन कौशल और डिजिटल पहल पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के समस्त पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल और उच्चतर माध्यमिक शालाओं में विजय दिवस मनाते हुए कौशल एवं डिजिटल पहल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने इस बारे में बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को केवल किताबी ज्ञान नहीं दिया जाना है वरन उनमें कौशलों का विकास किया जाना है ताकि वह नौकरी के पीछे ना भागते हुए अपने जीवन में अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर अन्य लोगों को भी नौकरी दे सकें, साथ ही इस आधुनिक युग में वे डिजिटली रूप से सशक्त हों। जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में चल रहे शैक्षिक सप्ताह के पांचवें दिन शालाओं में स्थानीय कारीगरों जैसे लोहार, बढाई, कुम्हार, आधुनिक कृषक आदि को आमंत्रित किया गया और बच्चों को उनके व्यवसाय से परिचय कराया गया। कई शालाओं के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्थानीय व्यावसायिक परिसर जैसे बैंक, छोटे घरेलू कारखाना, सीमेंट ईट फैक्टरी का भ्रमण करवाया। डिजिटल पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को मोबाइल का सही इस्तेमाल, गूगल मैप का प्रयोग, शैक्षणिक रील बनाना, यूपीआई पेमेंट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दिया गया। जिले के उच्च शालाओं में व्यावसायिक शिक्षण की कक्षाएं विगत कई वर्षों से लगाई जा रही है जिसमें कंप्यूटर, के साथ हेल्थ केयर जैसे व्यवसायो का ज्ञान विद्यार्थियों को दिया जा रहा है, प्रत्येक शनिवार को बैग लेस डे मनाया जाता है जहा विद्यार्थी नए कामों को करने और सीखने का प्रयास करते हैं।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी किया अपलोड, एक गिरफ्तार

जगदलपुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। परपा थाना अन्तर्गत पोटानार आटारगुडा निवासी एक आरोपी युवक को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। एनसीआरबी दिल्ली से प्राप्त साइबर टिप लाइन के आधार पर कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी कचरा नाग पिता कवलनाथ (42) निवासी पोटानार आटारगुडा ने अपने मोबाइल से नाबालिगों का अश्लील वीडियो, सोशल मीडिया और वेबसाइट में अपलोड करने का आरोप है। पुलिस ने जांच के बाद वीडियो अपलोड करने वाले आईपी एड्रेस से आरोपी तक पहुंच कर आईटी एक्ट 67(ए), 67(बी)और पॉक्सो एक्ट 15 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी का मोबाइल जब्त किया गया है।

# अश्लील वीडियो के नाम पर धमकाया, ठगे 58 हजार रुपए

जगदलपुर 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। कोड़ेनार थाना अन्तर्गत बढ़े आरापुर निवासी एक ग्रामीण के मोबाइल में अश्लील वीडियो भेज कर ब्लैकमेल करते हुए 59 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। थाना में शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बढ़े आरापुर निवासी अरुण कच्छ के पास किसी अनजान नंबर से कॉल आई और कहा कि तुम्हारी अश्लील वीडियो हमारे पास है, यदि इसे सोशल मीडिया पर डालने से रोकना चाहते हो तो पैसे भेजो। कॉल करने वाले ने धमकाना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित ग्रामीण ने घबराकर 59 हजार रुपए भेज दिए। इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

# सुकमा में एक महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म

सुकमा 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। सुकमा जिले के रहने वाली एक आदिवासी महिला ने चार शिशुओं को जन्म दिया है। चार नवजात में से दो लड़के और दो लड़कियां हैं।सभी बच्चे स्वस्थ हैं। नवजात बच्चों को जन्म देने वाली महिला सुकमा जिले के जैमर की रहने वाली है। महिला के पति कवासी हिड़मा जैमर के सरपंच हैं। नवजातों के पिता ने बताया कि जगदलपुर में एक निजी अस्पताल में गर्भवती पत्नी का ट्रीटमेंट चल रहा था। डॉक्टरों ने सोनोग्राफी जांच में तीन बच्चे की जानकारी दी, लेकिन पत्नी ने प्रसव के दौरान चार नवजात को जन्म दिया। चौथे बच्चे के जन्म से अस्पताल के डॉक्टर भी हैरान हैं। डाक्टर ने बताया कि सुकमा की आदिवासी महिला दशमी ने चार बच्चों को जन्म दिया है। सभी बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। इसमें तीन बच्चों का वजन दो किलो है, जबकि एक का डेढ़ किलो है। कवासी हिड़मा ने पत्नी के एक साथ चार बच्चों के जन्म होने पर खुशी जताई है। उन्होंने डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद कहा है। नवजात बच्चों को जन्म देने वाली महिला दशमी कवासी हिड़मा की तीसरी पत्नी है। कवासी की दो पत्नियों को एक भी औलाद नहीं है। हालांकि पहली पत्नी पत्नी हूंगा की एक बेटी थी, जिसकी करीब 14 साल की उम्र में बीमारी की चपेट में आने से मौत हो गई।

# 19 लाख के इनामी पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, 26 जुलाई (दण्डकारण्य समाचार)। सुकमा जिले में 19 लाख के इनामी तीन महिला समेत पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले तीन नक्सलियों पर 5-5 लाख और दो अन्य पर 2-2 लाख रुपए का इनाम घोषित है। समर्पित नक्सलियों में पांच लाख के इनामी प्लाटून नंबर 30 के डिप्टी कमांडर कवासी दुला, पांच लाख के इनामी सेक्शन कमांडर व मेडिकल टीम कमांडर सो?ी बुधरा, पांच लाख की इनामी सेक्शन ए कमांडर म?कम गंगी, दो लाख की इनामी किस्टाराम एरिया कमेटी टेलर टीम की सदस्य व पूर्व डीवीसी मा?वी सावित्री का सुरक्षा गार्ड म?कम आयते शामिल हैं।

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com